**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक– 19 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में दिए छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार और जल संचय–जन भागीदारी पुरस्कार। मिर्जापुर, वाराणसी व जालौन जिलों और गोरखपुर नगर निगम को पुरस्कार मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दी बधाई।
- पचीस नवम्बर को अयोध्या के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। मुख्यमंत्री ने समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों को दिये जरूरी निर्देश।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल हुआ जंगली जानवरों के कारण फसल खराब होने और बाढ़ से धान की फसल का नुकसान।
- सोनभद्र खदान हादसे में बचाव अभियान पूरा। खदान में फंसे सभी सात लोगों के शव बरामद।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल नई दिल्ली में आयोजित समारोह में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार और जल संचय–जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान किए। इस समारोह में दस श्रेणियों में छियालीस विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। उत्तरी जोन में जल संचय जन भागीदारी पहल के तहत सर्वश्रेष्ठ जिले के तौर पर मिर्जापुर को पहला पुरस्कार मिला। इसी श्रेणी में वाराणसी दूसरे और जालौन तीसरे स्थान पर रहा। गोरखपुर नगर निगम को जल संचय जन भागीदारी पहल के तहत ही दस सर्वश्रेष्ठ नगर निगमों की श्रेणी में तीसरा पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने पुरस्कार विजेताओं को जल संरक्षण के उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन आज के समय में जल चक्र को प्रभावित कर रहा है।

***जल का सक्षम उपयोग एक वैश्विक अनिवार्यता है। हमारे देश के लिए जल का सक्षम उपयोग और भी अधिक आवश्यक है। क्योंकि हमारे देश की जनसंख्या की दृष्टि से हमारे जलसंसाधन बहुत सीमित हैं। ऐसे स्थिति में सरकार और जनता को मिलकर वॉटर अवेलिबिलिटी और वॉटर सिक्योरिटी के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कुछ जिलों को भी यह सम्मान मिलने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के ध्वजारोहण समारोह और उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और राम मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण की वर्तमान स्थिति और आगामी चरणों की जानकारी दी गई। साथ ही ध्वजारोहण की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

पचीस नवम्बर को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि समारोह में प्रधानमंत्री के हाथों शुभ मुहूर्त में धर्म ध्वज फहराया जाएगा।

***सभी चीजें देखी गई जिस रूप से आदरणीय प्रधानमंत्री जी मंदिर परिसर में आएंगे तो उसका विस्तार से निरीक्षण किया गया। प्रधानमंत्री जी का कार्यक्रम मंदिर में होगा संबोधन के पहले ध्वजारोहण 11.58 से लेकर लगभग 1.00 तक का शुभ मुहूर्त है।***

हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री पचीस नवम्बर को अयोध्या में चार घंटे रहेंगे। एक रिपोर्ट–

***अपने दौरे की शुरूआत प्रधानमंत्री सप्त ऋषि मंदिर से करेंगे, जहां सातों ऋषियों की प्रार्थना की जाएगी। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुजारी उनके लिए विशेष पूजा–अर्चना संपन्न कराएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री शेषावतार मंदिर का रुख करेंगे, जहां वे भगवान राम के अनन्य भक्त लक्ष्मण जी के सम्मुख आराधना करेंगे। पवित्र मुहूर्त के अनुसार प्रधानमंत्री राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज पताका फहराएंगे। इसके बाद वे देश को संबोधित करेंगे और राम मंदिर निर्माण कार्य की पूर्णता की औपचारिक घोषणा भी करेंगे। अयोध्या से तन्मय सोनी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के नये भवन का लोकार्पण किया। इस छह मंजिला हाईटेक नये भवन के निर्माण पर 72 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत आयी है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सत्रह से पहले प्रदेश में सिर्फ चार फॉरेंसिक साइंस लैब थीं। सरकार ने हर कमिश्नरी में एक फॉरेंसिक साइंसलैब बनाने का निर्णय लिया। इससे पिछले आठ वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर बारह हो गई है।

**********

जंगली जानवरों के कारण फसल खराब होने और बाढ़ से धान की फसल का नुकसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल हो गया है। कृषि मंत्रालय ने बताया कि जंगली जानवरों के हमले से होने वाले फसल नुकसान को अब स्थानीयकृत जोखिम

प्रणाली के अंतर्गत पांचवें अतिरिक्त कवर के रूप में मान्यता दी जाएगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस योजना में बाढ़ से धान की फसल के नुकसान को स्थानीयकृत आपदा के तहत फिर से शामिल किया गया है। एक रिपोर्ट–

***यह निर्णय कई राज्यों के लंबे समय से किए जा रहे मांगों के अनुरूप है जिसका उद्देश्य किसानों को अचानक, स्थानीय और गंभीर फसल क्षति से सुरक्षा प्रदान करना है। इसकी रूपरेखा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गई है। इस योजना के तहत धान–जलभराव को स्थानीय आपदा के रूप में फिर से शुरू करने से तटीय और बाढ़ सम्भावित राज्यों के किसानों को विशेष रूप से लाभ होगा। जंगली जानवरों द्वारा फसल नुकसान और धान जलभराव दोनों को शामिल किए जाने से यह योजना अधिक समावेशी बन गया है, जो भारत की फसल बीमा प्रणाली को और अधिक मजबूत और लचीला बनाने में सहायक सिद्ध होगा। दीपेन्द्र के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी सामाचार, दिल्ली।***

**********

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कल गोदाम कार्यों के आधुनिकीकरण, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता में सुधार और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से डिजिटल पहलों की शुरूआत की। श्री जोशी ने कहा कि इस तरह की पहल सरकार के लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने और टर्नओवर समय को न्यूनतम करने के मिशन का समर्थन करती हैं। उन्होंने कहा कि हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय सब्सिडी वाला खाद्यान्न सबसे गरीब परिवारों तक अधिक सटीकता, तेजी और सम्मान के साथ पहुंचना सुनिश्चित करेगा।

**********

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रदेश भर में चार नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान चलाया जा रहा है। यह चार दिसम्बर तक चलेगा। इसके तहत बीएलओ गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में यह प्रपत्र भर कर बीएलओ को सौंप दिया। श्री योगी गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता हैं।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एसआईआर के तहत, राज्य में लगभग 98 प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें भरने की प्रक्रिया बेहद आसान है और लोगों को भ्रमित होने की जरूरत नहीं है।

***यह बहुत बड़ी एक्सरसाइज उत्तर प्रदेश में हो रही है जो एसआईआर की एक्सरसाइज है। वोटर से अपेक्षा यह है कि जो एन्यूमरेशन फॉर्म है, उसको भरके और हस्ताक्षर करके बीएलओ को वापस देना। केवल वोटर को अपना एक पासपोर्ट साइज का लेटेस्ट फोटोग्राफ देना है और अपने माता–पिता का नाम लिखना है उस एन्यूमरेशन फॉर्म में। बाकी कुछ उसमें सूचनाएं और मांगी गई है, बड़ी आसान सी है।आपकी जन्मतिथि, आपका मोबाइल नंबर, आधार, वैकल्पिक है, अगर देना चाहे तो।***

**********

प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड की उपस्थिति में लखनऊ में चल रहे जनजाति भागीदारी उत्सव का कल रंगारंग समापन हो गया। इस मौके पर राज्यमंत्री ने उत्सव में आए देश भर के कलाकारों की कला–संरक्षण की प्रतिबद्धता की सराहना की।

**********

वाराणसी में दो से पंद्रह दिसम्बर के बीच काशी तमिल संगमम–केटीएस फोर का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व कार्यक्रम गतिविधियों के तहत कल शाम को संकट मोचन मंदिर में संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य लोगों को संगमम के बारे में जागरूक करना है।

**********

सोनभद्र के बिल्ली मारकुंडी स्थित खदान दुर्घटना स्थल पर बचाव अभियान कल पूरा हो गया। खदान में फंसे सभी सात लोगों के शव बरामद हो गए । दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों की पहचान भी हो गई है । वहां के जिलाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों को सरकार से सहायता दी जाएगी।

**********

गौतमबुद्ध नगर के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के फाइनल मुकाबले में कल अरुंधति चौधरी ने जर्मनी की तीन बार की विश्व कप पदक विजेता लियोनी मुलर को हरा दिया। इस तरह अरुंधति ने फाइनल में अपनी जगह बना ली है।

**********